


# बीज के कारण मक्का की फसल हुई खराब

ग्राम मड़ला में 20 एकड़ में बोयी थी किसान ने फसल, कीटनाशक या बीज के कारण फसल बर्बाद होने की आशंका, प्रशासन से शिकायत

नवभारत न्यूज

**सागर 1 अगस्त. जिले में किसान जहां एक ओर मौसम के चलते फसल की चिंता में लगे हैं तो साथ ही खाद की किल्लत से भी जूझ रहे हैं. वहीं दूसरी ओर अब घटिया बीज या कीटनाशक के चलते भी किसानों की फसल बर्बाद होने लगी है. ऐसा ही एक मामला ग्राम मड़ला से सामने आया है. जहां एक किसान ने अपने 20 एकड़ खेत में मक्का की फसल बोयी थी लेकिन कथित घटिया बीज या कीटनाशक के चलते उक्त फसल अब पूरी तरह बर्बाद होने तैयार है.**



मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मड़ला निवासी किसान प्रियेश पटेरिया ने अपने 20 एकड़ के खेत में मक्का की फसल बोयी थी. श्री पटेरिया इसके पहले भी मक्का की अच्छी फसल लेकर लाभ कमा चुक थे. लेकिन इस बार उनकी फसल खराब होने की स्थिति में आ चुकी है. श्री पटेरिया ने बताया कि उन्होने काबेरी सीड्स कंपनी के 8333 किस्म के बीज खरीद कर मक्का की बुवाई की थी. इतना ही नहीं फसल के अनुसार समय पर खाद और कीटनाशक दवा का भी छिड़काव किया गया. लेकिन पौधों की ग्रोथ नहीं हुई और फसल मुरझाने लगी एवं पौधे अंदर ही अंदर सड़ने लगे. इससे उन्हें बीज या दवा के खराब होने पर इसके असर की आशंका है. किसान श्री पटेरिया ने बताया कि जब उन्होने बीज और कीटनाशक दवा कंपनियों से संपर्क किया तो दोनों एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराते रहे.

उन्होने बताया कि 20 एकड़ की इस मक्का फसल में अब तक 5 से 7 लाख रुपए की लागत लग चुकी है लेकिन अब फसल पूरी तरह बर्बाद होती हुई नजर आ रही है. इस संबंध में किसान श्री पटेरिया ने तहसील कार्यालय रहली पहुंचकर प्रशासन को शिकायत भी दर्ज कराई है जिसमें उन्होने घटिया बीज या कीटनाशक के कारण फसल बर्बाद होने की आशंका जताई है. हालांकि यह जिले में एक मात्र मामला नहीं है पिछले सीजन में भी कथित घटिया बीज के कारण चना की फसल में असर होने की शिकायतें जैसीनगर क्षेत्र से सामने आयी थीं और उस मामले में कृषि विभाग द्वारा कृषि वैज्ञानिकों से जांच भी कराई गई थी. यह और बात है कि उक्त जांच रिपोर्ट आज तक सामने नहीं आ सकी है.

> मक्का की फसल के खराब होने की शिकायत मड़ला के किसान द्वारा की गई है. इस संबंध में कृषि वैज्ञानिकों के माध्यम से जांच कराई जा रही है. रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जायेगी.
> **राजेश पांडे**
> **तहसीलदार रहली**

# बैंक के कारण लग जाता है सड़क पर जाम

जनसंकट का कारण बन चुके मामले की शिकायत के बावजूद अधिकारी कर रहे अनदेखी

नवभारत न्यूज

**रहली 1 अगस्त. नगर का सबसे व्यस्ततम इलाका राव मार्केट जो कपड़ा मार्केट के नाम से जाहिर है और यहीं भारतीय स्टेट बैंक की शाखा स्थापित है. यह बाजार वर्षों से यातायात समस्या से ग्रस्त है. बैंक के पास निजी पार्किंग नहीं है केवल दस फुट चौड़ा रास्ता और बैंक के निजी दो एटीएम मशीन भी बैंक के बाजू से लगा होने के कारण दिन भर लोगों का वाहनों से आना देर तक वाहन सड़क पर खड़ा रखने से दिन भर समस्या बनी रहती है.**



जानकारी के अनुसार सुबह 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक भारतीय स्टेट बैंक में आने वाले आम जनों के वाहनों की लंबी-कतार गदर हेंड पंप से गांधी चौक बाजार तक बेतरतीब खड़े वाहनों से रास्ता पैदल मार्ग भी अवरुद्ध हो जाता है, सबसे ज्यादा परेशानी और विवाद तब होते हैं जब बैंक का केश लाने वाला वाहन पचास मीटर की दूरी आधा घंटा में पार करने के बाद बैंक के सामने आकर घंटे भर बाद रहता है. फिर बाहर जाने में भी आधा घंटा लगाने तक रास्ता जाम हो जाता है, तब बुजुर्ग महिलाएं दिव्यांग, कई बार छोटी-छोटी दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं.

## मांग की हो रही अनदेखी

लगभग चार दशक से राव मार्केट सराफ काम्पलेक्स में स्थापित बैंक को यहां से हटाकर सुविधा जनक स्थान पर ले जाने की मांग लगभग 20 वर्ष से की जा रही है. बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों ने कई बार बैंक स्थानांतरित करने विज्ञापन भी निकाले. करीब दो साल पहले निकले विज्ञापन के आधार पर दस लोगों ने अपने प्रस्ताव जमा किए. अधिकारीयों ने निरीक्षण और चर्चा की पर कोई हल नहीं निकाल सका.

## एक नजर में



### विधायक द्वारा दो शव वाहन को हरी झंडी दिखाई

**सागर.** विधायक शैलेन्द्र जैन द्वारा जिला चिकित्सालय परिसर में दो शव वाहन की सम्पूर्ण जानकारी लेकर शववाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया . इस अवसर पर श्री जैन ने कहा कि शव वाहन की सुविधा गरीब परिवारों के लिए महत्वपूर्ण होती है. शासन की मंशा है कि अंतिम यात्रा भी सम्मानजनक रुप से संपन्न हो. इस अवसर पर क्षेत्रीय संचालक, स्वास्थ्य सेवायें सागर संभाग सागर डॉ. नीना गिडीयन, सीएमएचओ डॉ. ममता तिमोरी, सिविल सर्जन डॉ. आर.एस. जंयत, आरके जड़िया, हेमराज अहिरवार, कृष्णा गौर, अंकित प्रजापति, भूपेन्द्र राय, संजय रैकवार, मनोज लोधी, रोहित दुबे, सीताराम, सोनी सिंह, कमलेश पाटस्कर उपस्थित रहे.



### गोस्वामी तुलसीदास एवं प्रेमचंद जयंती मनाई

**सागर.** शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय में हिंदी विभाग के द्वारा गोस्वामी तुलसीदास एवं प्रेमचंद जयन्ती का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी, हिन्दी विभाग के सदस्य डॉ. सरिता जैन, राजकुमार अहिरवार, अभय जैन एवं डॉ. सुनीता आर्य उपस्थित थे. छात्राओं नाजिया सौदागर, प्रियंका लोधी, पूजेश्वरी व्यास, मुस्कान सोनी, खुशबू घोषी, ऋषिका राजपूत ने पोस्टर प्रदर्शन किया. संचालन डॉ. रोशनलाल अहिरवार ने किया. डॉ. सुनीता आर्य ने आभार माना.



### स्काउड गाइड द्वारा विश्व स्कार्फ डे मनाया गया

**सागर.** स्कार्फ दिवस पर स्काउटिंग गाइडिंग की भावना को विश्व स्तर पर दृश्य मान बनाने के लिए स्कार्फ डे मनाया गया. इस दौरान कमल सोलंकी, मृत्युंजय कुमार संयुक्त संचालक लोक शिक्षण, सहायक संचालक मनीषा एलेगेंजडर, अनीता कुमार,आशुतोष गोस्वामी, डीईओ अरविंद जैन, एमके चढार,अभय श्रीवास्तव को स्कार्फ पहना कर सम्मान किया गया. इस अवसर पर श्रीमती कंचन सिंह, गौरीशंकर शर्मा, चंद्रभान लोधी, लीलाधर अहिरवार, भगवान सिंह लोधी, उषा मिश्रा, इंद्रादास उपस्थित रहे.



### स्टेशन पर स्वच्छता शपथ समारोह आयोजित

**ललितपुर.** रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता शपथ समारोह का आयोजन किया गया. समारोह की अध्यक्षता एसटीएच मैनेजर डी.के.चतुर्वेदी ने की. स्वच्छता अभियान की शपथ का उदबोधन एवं नेतृत्व सीबीपीएस कमलापति अग्निहोत्री ने किया. सीटीआई संजय सोनकर ने कहा कि स्वच्छता ही बेहतर जीवन को जीने का एक माध्यम है. सीसीआई संजय चौबे ने भी स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए लोगों को जागरूक करने के प्रति बल दिया. इस दौरान नवेन्दु अग्निहोत्री, सत्येन्द्र पाण्डे, अभिजीत शुक्ला, लाखन मीना, मनीषा, फरौसिया, आकांक्षा पाराशर समेत अनेक लोग मौजूद रहे.

### कर्मचारी आज सौंपेंगे ज्ञापन

**सागर.** संयुक्त मोर्चा के समस्त कर्मचारियों अधिकारियों के द्वारा कलेक्टर को 2 अगस्त की शाम 5 बजे तीन प्रमुख मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा. जिला अध्यक्ष आलोक गुप्ता ने बताया कि कोई भी जंग जीतने के लिए सामूहिक संघर्ष आवश्यक होता है.

# 35 लोगों पर दर्ज हुआ मामला

नवभारत न्यूज

**रहली 1 अगस्त. देवरी चौधरी हत्याकांड के विरोध में लोगों ने रहली-जबलपुर देवरी सागर जाने वाले व्यस्त अस्पताल चौराहे पर चक्काजाम किया था.**

इस मामले में सवा महीने बाद पुलिस की कार्यवाही सामने आई जिसमें 35 लोगों पर नामजद और अन्य अज्ञात प्रदर्शनकारियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. एफआईआर के अनुसार आरोपियों ने शासकीय कार्य में बाधा डाली, यातायात बाधित किया और भीड़ जुटाकर अशांति फैलाने का प्रयास किया. प्रशासन की समझाइश के बावजूद भी प्रदर्शनकारियों ने रास्ता नहीं खोला. पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान सीसीटीवी फुटेज और वीडियों के माध्यम से की जा रही है. पुलिस ने अभी 35 लोगों पर मामले बनाये है जिनमें राजा अहिरवार,नंदराम, मुलु अहिरवार, जितेंद्र, अहिरवार, राजेश, संतोष, नत्थू, शिवप्रसाद, शोभाराम, गोविंद, सुमितरानी, कमलेश, राधारानी, रघुवीर, दीपक, रिया, बालचंद, यशवंत, ओंकार, वीरन, धनीराम, मुन्ना, महेश, काशीराम, आनंद, कलू, नन्ना, मिट्ठू, शंकर आदि शामिल है.

# जनकल्याण अभियान में हितग्राहियों को मिला लाभ

नवभारत न्यूज

**खुरई 1 अगस्त. दिसंबर 2024 से शुरू हुए मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान का 27 जनवरी को हितमूलक योजनाओं के शिविरों के संचालन एवं सफाई मित्रों के सम्मान के साथ सफल समापन किया गया.**



पिछले कई दिनों से जारी हितलाभ वितरण शिवरों के माध्यम से मप्र की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक वार्ड में संचालित किया गया था, जिसमें स्ट्रीट वेंडर योजना,ई-केवायसी, स्व सहायता समूहों, आयुष्मान कार्ड योजनाओं, पेंशन योजनाओं, आवास योजनाओं सहित कई प्रकार की जन हितैषी योजनाओं के आवेदन प्राप्त हुए थे. जिनपर शीघ्रता पूर्ण कार्यवाही करते हुए योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाया गया. प्राप्त जानकारी के अनुसार नपा क्षेत्र के लगभग 1500 हितग्राहियों को इस अभियान के अंतर्गत शासन की योजनाओं से जोड़ा गया.

> सीएमओ राजेश मेहतेले ने बताया कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान शुरू किया गया था. जिसके अमल में हमारी नगर पालिका द्वारा वार्डों में निरंतर शिवर लगाकर पात्र एवं वंचित हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किए थे. आवेदनों पर शीघ्रता से कार्यवाही हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया था जिसके तहत प्राप्त आवेदनों की जांच कर पात्र हितग्राहियों को हितलाभ प्रदान किया गया है. अभी तक लगभग सभी प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है, शासन की विभिन्न योजनाओं को वंचित एवं पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाया गया है, मेरे सभी अधीनस्थ अधिकारियों /कर्मचारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने हेतु आदेशित किया था,जिसके फलस्वरूप यह अभियान सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ.

## सफाई मित्रों का सम्मान

**खुरई.** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान का समापन सफाई मित्रों के सम्मान एवं नगर पालिका परिषद खुरई में लाभार्थी शिविर लगाकर किया गया. सफाई व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सफाई मित्रों को सेफ्टी किट प्रदान की गई. स्वच्छता अभियान के नोडल अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने सफाई मित्रों को सेफ्टी किट प्रदान की. अभियान समापन के दौरान नगर पालिका परिषद में लाभार्थी शिविर लगाया गया. जहां वंचित एवं पात्र हितग्राहियों से शासन की विभिन्न योजनाओं के आवेदन प्राप्त किए गए.

# वेयर हाउस से अनाज चुराने वाले हुए गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**बीना 1 अगस्त. आगासौद थाना क्षेत्र अंतर्गत मंडी बामौरा मे वेयरहाउसों में चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने पांच आरोपी गिरफ्तार को गिरफ्तार कर 15 क्विंटल मसूर व बोलेरो वाहन बरामद की गई है.**



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी मनोज श्रीवास्तव द्वारा पुलिस चौकी मंडी बामौरा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि गौहर रोड स्थित गुरुकृपा वेयरहाउस का शटर तोड़कर अज्ञात चोर 21 कट्टी (बोरी) मसूर एवं 02 बोरी गेहूं चोरी कर ले गए.

> एक अन्य फरियादी योगेन्द्र रघुवंशी द्वारा चौकी मंडी बामौरा में रिपोर्ट की गई कि अज्ञात चोरों ने यमुना वेयरहाउस का ताला तोड़कर 32 बोरी मसूर चोरी कर ली. मंडी बामौरा क्षेत्र के मढ़-बामौरा रोड पर गश्त के दौरान संदिग्ध बोलेरो कैंपर वाहन रोका गया. गिरफ्तार आरोपी शिवा उर्फ भाव सिंह कुर्मी निवासी ग्राम बरोदिया थाना नरयावली,पवन यादव निवासी ग्राम आमखेड़ा, छोटू यादव निवासी ग्राम आमखेड़ा, गजेन्द्र यादव निवासी ग्राम आमखेड़ा, थाना भानगढ़, भूपेन्द्र उर्फ ज्वाला यादव निवासी ग्राम आमखेड़ा से पूछताछ में उपरोक्त वेयरहाउसों से चोरी करना स्वीकार किया. साथ ही क्षेत्र के अन्य वेयरहाउस में भी चोरी की वारदातों में शामिल होना कबूला.

## उप मुख्यमंत्री आज सागर में करेंगे भूमिपूजन

**सागर.** उप मुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल 2 अगस्त को प्रात: 11 बजे सागर आयेंगे. मंत्री श्री शुक्ल प्रात: 11 बजे जिला चिकित्सालय में 100 बिस्तरीय नवीन महिला नवजात शिशु चिकित्सा विभाग का लोकार्पण एवं बीएमसी में निर्मित होने वाले 50 बिस्तरीय क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक का भूमिपूजन करेंगे. वे दोपहर 12:30 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चितौरा का लोकार्पण एवं दोपहर 2 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गढ़ाकोटा में डायलिसिस मशीन का शुभारंभ करेंगे.

# पुलिस ने जब्त की अवैध शराब

नवभारत न्यूज

**सागर 1 अगस्त. मोतीनगर थाना पुलिस ने मसानझिरी गांव के पास 350 पाव अवैध देशी लाल मसाला शराब जब्त की और चार आरोपियों को गिरफ्तार किया. पुलिस ने इस कार्रवाई में करीब 2.42 लाख की संपत्ति भी जप्त की है.**

पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि एक बिना नंबर की सफेद इंडिका कार में अवैध शराब की बड़ी खेप ले जाई जा रही है. सूचना मिलते ही थाना मोतीनगर की टीम ने तत्काल घेराबंदी करते हुए मसानझिरी के पास वाहन को रोकने का प्रयास किया. बारिश के कारण कार अनियंत्रित होकर पलट गई, लेकिन पुलिस टीम ने कार में सवार चारों आरोपियों को मौके पर ही पकड़ लिया. गिरफ्तार आरोपियों में राजपाल ठाकुर निवासी खुरई थावरी थाना सुरखी, शिवा कोरी निवासी ईतवारी टोरी, गजेन्द्र ठाकुर निवासी अमरमऊ थाना शाहगढ़ और एक नाबालिग बालक शामिल हैं. इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जसवंत सिंह राजपूत के नेतृत्व में एसआई ललित बेदी,वीरेन्द्र शर्मा, नदीम शेख, सौरभ, अखलेश, लखन, सत्येन्द्र सिंह, अनुराग बैध, संजय जोनवार,शामिल रहे.



# चलिहा महोत्सव में पुष्प वर्षा

नवभारत न्यूज

**सागर 1 अगस्त. झूलेलाल मंदिर हाल में चालिहा महोत्सव के दौरान श्रावण मास को झूलेलाल पर फूलों की वर्षा हुई.**

प्रवक्ता राजेश मनवानी ने बताया कि 40 दिन तक के कठिन उपवास रखे जाना प्रारंभ हुए. यहां अखा, आरती एवं पल्लो के दौरान विश्व सुख-शांति एवं उपस्थितों की मनोकामना पूरी होने की अरदास लालाराम मेठवानी द्वारा की गई. इस दौरान मंडली संस्थापक लालाराम मेठवानी, अध्यक्ष सुरेश मोहनानी, महिला मंडल अध्यक्ष दिया राजपूत, भर्ती मोहनानी, वीनू आहूजा, विजय निरंकारी,मोनिका मेठवानी, लीला आहूजा, रैना गोकलानी, दिलीप वाधवानी, पूर्व पार्षद पंकज सोनी, रुपेश मनवानी उपस्थित थे. इस अवसर पर लालाराम मेठवानी ने बताया कि सावन के सोमवार के व्रत का खास महत्व माना गया है. अध्यक्ष सुरेश मोहनानी, महिला अध्यक्ष दिया राजपूत ने बताया कि शाम होते ही शंख ध्वनियों की गूँज पुरे सिंधी कॉलोनी में सुनाई देती है.

## चोर हुए गिरफ्तार

**ललितपुर.** पाली पुलिस ने तीन बैट्री व एक इन्वर्टर के साथ दो बाल अपचारी समेत चार लोगों को पकड़ने में सफलता हासिल की है. बताया जा रहा है कि पाली में दर्ज एफआईआर धारा 305 बीएनएस की जांच-पड़ताल के दौरान प्रकाश में आये पिपरी मोहल्ला निवासी करन अहिरवार, हजारिया मोहल्ला निवासी इकबाल पुत्र अहमद व दो बाल अपचारियों को पुलिस ने कांशीराम कालोनी से हिरासत में लिया है. पुलिस ने बताया कि उक्त सामान उच्च प्राथमिक विद्यालय पाली से चोरी किया गया था, जिसकी शिकायत प्रधानाध्यापक द्वारा दर्ज करायी गयी थी. बदमाशों को पकड़ने वाली पुलिस टीम में थाना पाली के उप निरीक्षक देवेन्द्र सिंह, उ.नि.आदेश कुमार, का.सुदर्शन पाठक, का.गोलू, का.ऋषभ सागर आदि मौजूद रहे.

# सुशासन वह है जो जनोन्मुखी हो : रघु

तुलसी स्मृति न्यास द्वारा व्याख्यान का आयोजन, पूर्व कमिश्नर आनंद शर्मा ने सुनाए अपने अनुभव

नवभारत न्यूज

**सागर 1 अगस्त. स्व. ठाकुर विश्वनाथ सिंह बाबू भाई की स्मृति में मकरोनिया स्थित एक होटल में तुलसी स्मृति न्यास द्वारा प्रशासन-सुशासन विषय पर व्याख्यान आयोजित हुआ.**



इस अवसर पर देहदान,नेत्रदान करने वाले लोगों के परिजनों को और साहित्यकारों को सम्मानित किया गया. अध्यक्षीय उद्बोधन में रघु ठाकुर ने कहा कि संविधान द्वारा तय की गई सीमा रेखाएं शासन प्रशासन और सुशासन की नीव होती है, निर्वाचित संस्था शासन है, कानून द्वारा प्रदत् मान्यता प्रशासन है और दोनों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वाहन कराना सुशासन है, सुशासन वह जो जनोन्मुखी हो. मुख्य वक्ता आनंद शर्मा आईएएस ने कहा कि प्रशासन और सुशासन तभी चल सकता है, जब जनता के बीच हो रहे अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाने वाले हो. श्री शर्मा ने अपने कार्यकाल के दौरान हुए विभिन्न अनुभवों को साझा किया.

स्वागत भाषण तुलसी स्मृति न्यास के अध्यक्ष डॉ बद्री प्रसाद ने दिया व संचालन रामकुमार पचौरी ने किया.

> इस अवसर पर पूर्व सांसद लक्ष्मीनारायण यादव, सुनील जैन श्रीमती निधी जैन, डॉ जयंत, शुकदेव प्रसाद तिवारी, कैलाश सिंघई, डॉ जेके जैन, श्याम सुंदर यादव, कृष्ण वीर सिंह ठाकुर, हरपाल सिंह, नारायण सिंह, रामअवतार शर्मा, पप्पू तिवारी, पप्पू गुप्ता, सुरेंद्र सुहाने, विनोद तिवारी, रफीक गनी, अखिलेश पटेरिया, हरगोविंद विश्व, गजाधर सागर, भोलेश्वर तिवारी, मुकुल पु रोहित, अमित रामजी दूबे, देवेंद्र फुसकेले, हामिद भाई आदि मौजूद थे.

# 15 दिन से मोहली में छाया अंधेरा, पांचों ट्रांसफार्मर खराब

नवभारत न्यूज

**सागर 1 अगस्त. जिला मुख्यालय से कुछ ही दूरी पर स्थित ग्राम मोहली में पिछले करीब 15 दिन से अंधेरा पसरा हुआ है. बारिश का मौसम और जहरीले जीव जंतुओं के तमाम खतरों के बीच यह ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर हैं.**



तमाम शिकायतों और मिन्नतों के बाद भी अब तक गांव की विद्युत व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई है. ग्रामीणों की माने तो गांव में करीब पांच ट्रांसफार्मर रखे हुए हैं,और पांचों के पांचो खराब है,बार-बार गुहार लगाने के बाद जैसे तैसे बिजली विभाग के अधिकारियों ने एक ट्रांसफार्मर रखवाया भी तो वह पहले से जला हुआ निकला. यह बात शायद बिजली वालों को भी पता नहीं थी.

आनन-फानन में बिजली वाले उस ट्रांसफार्मर को वापस उठा ले गए. स्थानीय निवासी रमेश कुर्मी राजकुमार, सत्यनारायण, गोपाल संजय कुर्मी, कलू,रामकिशन सहित और भी कई लोगों ने इस अव्यवस्था के बारे में उन्होंने बताया कि बार-बार अधिकारियों से निवेदन करने के बाद भी अब तक बिजली व्यवस्था को सुधारा नहीं गया है.

## जहरीले कीड़ों से भयभीत हैं ग्रामवासी

रमेश कर्मी ने बताया की अभी दो-तीन दिन पहले जहरीला सांप निकाला था, जिसकी रखवाली में पूरी रात गुजर गई. एक तरफ अंधेरा दूसरी तरफ जहरीले सांप का डर नींद कैसे आती,जिम्मेदार अधिकारी मौन धारण किए हुए हैं. कारण जो भी हो लेकिन इन ग्रामीणों को अंधेरे का दंड भुगतना पड़ रहा है, वहीं अगर गांव में बिजली सप्लाई और सर्विस लाइन की बात करें तो यह भी किसी मजाक से कम नहीं है. जली हुई सप्लाई केवलो के बाद जगह-जगह ट्रांसफार्मर के पास लोगों ने मजबूरी में खुद का वायर से कनेक्शन कर रखा है. पंचायत भवन के सामने लगा ट्रांसफार्मर तो बेहद खतरनाक स्थिति में है क्योंकि ठीक इसके बाजू से एक नाला होकर गुजरता है जिसका पानी बारिश के मौसम में ट्रांसफार्मर के पास पहुंच जाता है,जिससे एक बड़ा खतरा मंडराता रहता है. चालू बिजली सप्लाई के दौरान अगर कोई तार टूट कर नीचे पानी में गिर जाए तो किसी बड़ी अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता. **ग्राम सरपंच चंद्रभान कुर्मी** ने बताया कि लिखित और मौखिक शिकायत अधिकारियों को फोन सहित अन्य प्रयास भी किए जा चुके हैं. सरपंच का कहना है कि अगर बिजली बिल बकाया होने की बात करें तो इतना ज्यादा बकाया भी नहीं है,की लंबे समय तक बिजली सप्लाई को बंद रखा जाए.

**न्यायालय तहसीलदार बंडा तह.बंडा जिला सागर म.प्र.**

क्रमांक क.6006/प्रवा./2025 बंडा दिनांक: 09.06.2025
रा.प्र.क्र....
मौजा: नैनधरा

**इश्तहार**

इस इश्तहार के जरिए समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि न्यायालय कलेक्टर जिला दंडाधिकारी सागर के प्रकरण क्रमांक 0006/अ-20 (3) वर्ष 2025-26 के माध्यम से शासकीय हाईस्कूल नैनधरा बंडा के ग्राम नैनधरा स्थित भूमि सर्वे नंबर 70, 71 कुल रकबा 1.66 हे. का विषयक राजस्य शासन के किसी भी विभाग को हस्तांरण भूमि आवंटन/नजूल भूमि का स्थाई पट्टा स्वयं/संस्था के नाम से चाहा गया है। जिसमें ग्राम नैनधरा पटवारी हल्का नं.64 स्थित खसरा नंबर 70, 71 कुल रकबा 1.66 हेक्टेयर के संबंध में उक्तानुसार आवंटन किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है जो विचाराधीन है।

इश्तहार आज दिनांक 09.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार बंडा, जिला सागर**